हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 23 डिग्री
न्यूनतम 8 डिग्री

किसान मोर्चा ने उमझर में सुनी पीएम के मन की बात
4


## खबर संक्षेप

### आज से खुलेंगे स्कूलों के पट

**बैकुण्ठपुर।** शीतकालीन अवकाश के बाद 29 दिसंबर से स्कूलों के पट खुल जाएंगे, इससे करीब एक सप्ताह से बंद स्कूलों फिर से गुलजार हो जाएंगे। जानकारी के अनुसार चालू शिक्षा सत्र में शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 22 से 28 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहा, इसके बाद 29 दिसंबर से सभी स्कूल खुल जाएंगे।

### बोर्ड परीक्षाओं की समय-सारणी घोषित

**बैकुण्ठपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा 10 वीं 12 वीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा का समय-सारणी जारी कर दिया है। जारी निर्देश के अनुसार हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा 21 फरवरी 2026 से शुरू होकर 13 मार्च 2026 को समाप्त हो जाएगी, वहीं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च 2026 को समाप्त हो जाएगा। उक्त दोनों परीक्षाएं सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।

### पंचायतों में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर में रविवार को हिंद सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इसमें आसपास की चार ग्राम पंचायतों बरबसपुर, सोनबरसा, उजियारपुर एवं लोहारी के हिंदू समाज के लोगों ने एकजुट होकर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, महिला-पुरूष काफी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने आपसी एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया। पूरे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण और अनुशासित रहा। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकजुटता, परंपराओं के संरक्षण एवं आने वाली पीढ़ी को संस्कार देने पर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता मजबूत होती है और आपसी भाईचारा बढ़ता है।

### पंचायत सचिव तत्काल प्रभाव से निलंबित

**बलरामपुर।** कलेक्टर निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा 26 दिसम्बर को रामानुजगंज क्षेत्र के निरीक्षण पर थे। इस दौरान रामानुजगंज चेकपोस्ट में रामचंद्रपुर अंतर्गत विजयनगर ग्राम पंचायत सचिव सिद्धार्थ शंकर हालदार की ड्यूटी लगाई थी लेकिन कलेक्टर निरीक्षण के दौरान सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक पंचायत सचिव सिद्धार्थ शंकर हालदार अनुपस्थित पाए गए। पंचायत सचिव का यह कृत्य कार्य के प्रति उनकी घोर लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। जो छ.ग. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम तीन (1) (2) (3) के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा सिद्धार्थ शंकर हालदार उपरोक्त कृत्य हेतु छग पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के नियम 4 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सिद्धार्थ शंकर हालदार का मुख्यालय जपं बलरामपुर नियत किया गया है।

### डॉ.नितेश ने हासिल किया गोल्ड मैडल

**अम्बिकापुर।** डॉ.नितेश दुबे ने सुपर स्वाइजेशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। उन्होंने डीकेएमएस के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रहकर अध्ययन किया तथा फाइनल की परीक्षा में प्रथम स्थान अर्जित कर गोल्ड मेडल हासिल किया। एमबीबीएस करने के उपरांत उन्होंने सर्जरी में तीन वर्षीय डीएनबी पाठ्यक्रम की पढ़ाई पूरी की। लम्बे समय तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अपनी सेवाएं देने के दौरान सुपर स्पेशलाइजेशन हेतु चयन होने पर वे डीके हॉस्पिटल रायपुर में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी की।

### एक माह से खराब पड़े नल, प्रशासन से पहल की मांग

# बरबसपुर में पेयजल संकट, ग्रामीण परेशान


खराब हैंडपंप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

एमसीबी जिले के बरबसपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनबरसा व बरबसपुर के कई वार्डों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। बीते एक माह से अधिक समय से कई स्थानों पर नल खराब पड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि नलों के खराब होने की सूचना कई बार संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। अब तक न तो नलों की मरम्मत कराई गई है और न ही वैकल्पिक जल व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायत सोनबरसा के सरपंच द्वारा भी विभाग को अवगत कराया गया कि पंचायत के कई वार्डों में नल खराब हैं, जिन्हें जल्द सुधारने की आवश्यकता है। बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है। पेयजल संकट के कारण ग्रामीणों को दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द खराब नलों की मरम्मत कराकर जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की है। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि नल खराब होने की सूचना कई बार संबंधित विभाग व पंचायत प्रतिनिधियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। न तो नलों की मरम्मत कराई गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। कई परिवारों को दूसरे मोहल्लों और हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पानी की किल्लत से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

### ग्रामीण रोजाना हो रहे परेशान

ग्राम पंचायत बरबसपुर में इन दिनों गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। गांव के कई वार्डों में पिछले एक माह से नल खराब पड़े हुए हैं, जिससे सैकड़ों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि पीने के पानी के लिए लोगों को दूर-दराज भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब नलों की मरम्मत कराकर नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल की जाए।

- एक माह से बंद पड़े कई वार्डों के नल
- सैकड़ों ग्रामीण पानी के लिए परेशान
- विभागीय लापरवाही से बढ़ा संकट
- महिलाओं व बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत
- ग्रामीणों ने प्रशासन से की त्वरित कार्रवाई की मांग

### डेंजर जोन बना पेंडारी घाट ओवरलोड ट्रक पलटा

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के पेंडारी घाट पर आए दिन हो रही दुर्घटना होने से अब लोग हादसों का डेंजर जोन कहने लगे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि यहां आए दिन होती है बावजूद इसके आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। आज पुनः पेंडारी घाट पर जहां रामानुजगंज से अंबिकापुर की ओर धान लोड ट्रक अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। गनीमत था कि वाहन सवार समय रहते वाहन से कूद कर अपनी जान बचा ली नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलजेड 6785 में क्षमता से अधिक धान लोड किया गया था। घाट की तीखी ढलान पर पहुंचते ही ट्रक का ब्रेक फेल हो गया जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा जिससे ट्रक सड़क किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि ट्रक चालक और क्लीनर ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। दोनों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें स्थानीय स्तर पर उपचार दिया गया। यदि ट्रक घाट के मोड़ पर किसी अन्य वाहन या राहगीर से टकराता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही चंद्रौरा पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात बहाल कराया। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही ट्रक में लोड धान की भी जांच शुरू कर दी। यह पता लगाया जा रहा है कि धान वैध रूप से खरीदा गया है या नहीं। मंडी कट्टी हुई है अथवा अवैध परिवहन किया जा रहा था।

## सब स्टेशन से केबल वायर चोरी, जुर्म दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के झगराखाण्ड थाना क्षेत्र अंतर्गत सब स्टेशन कारखाना झगराखाण्ड में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर भीतर घुसते हुए कीमती केबल कॉपर वायर चोरी कर लिया। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक रामनिहोर पिता स्व. बाबूलाल उम्र 58 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 10 लेदरी, थाना झगराखाण्ड, वर्तमान में सुरक्षा प्रभारी, क्षेत्रीय मुख्यालय हसदेव में पदस्थ हैं।

- रात में दरवाजा तोड़कर घुसे चोर, 25-30 हजार की चोरी

उन्होंने थाना पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में उल्लेख है कि उन्हें सुरक्षा कर्मी कृष्णा एवं कमलेश कुमार के माध्यम से जानकारी मिली कि सब स्टेशन कारखाना झगराखाण्ड में चोरी हुई है। जांच करने पर पाया गया कि सब स्टेशन का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसकर केबल कॉपर वायर काटकर चोरी कर ली गई है। बताया गया कि यह घटना 24 दिसंबर 2025 की रात की है। 25 दिसंबर की सुबह लगभग 6:30 बजे आरोपी विनय सिंह पिता समशेर सिंह निवासी झगराखाण्ड को सब स्टेशन वार्ड क्रमांक 13 के पास देखा गया। पूछताछ करने पर उसने अपने साथी योगेश यादव के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। चोरी गए केबल वायर की कीमत लगभग 25 से 30 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 3 (5), 303 (2), 331 (4) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है: अंकित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

हसदेव मंडल अंतर्गत नगर पंचायत खोंगापानी में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश एवं जिला स्तर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री कोमल पटेल एवं जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा का ढोल-नगाड़ों, पटाखों एवं जयघोष के साथ स्वागत किया गया।

- खोंगापानी में युवा मोर्चा ने किया आयोजन

यह कार्यक्रम भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिलीप सेन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। स्वागत समारोह में भाजपा एवं युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है और आने वाले समय में युवाओं की शक्ति के बल पर भाजपा को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री कोमल पटेल ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और समर्पण से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। भाजपा हसदेव मंडल महामंत्री भगवान दास ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

वहीं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता ने कहा कि युवा मोर्चा ने सदैव पार्टी के लिए संघर्ष किया है और आज का यह उत्साह भविष्य की सफलता का संकेत है। इस स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, हसदेव मंडल महामंत्री भगवान दास, जितेन्द्र प्रताप सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जलील शाह, पार्षद इरशाद अहमद, नागपुर मंडल अध्यक्ष राहुल जायसवाल, मनेन्द्रगढ़ मंडल अध्यक्ष आदित्य अग्रवाल, महामंत्री अनिल शर्मा, शिव देवांगन, दीपक यादव, आशुतोष पाण्डे, अज्जू, अनीश सिंह, राजनाथ राय, महेश चक्रधारी, सत्यम राय, सत्यम शुक्ला, अशोक केवट, शिवम गौतम, सूरज चौधरी, अजीत बड़ात्या, चंदन सिंह, सतीश केवट, विजेन्द्र चौधरी सहित काफी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पिलर गिरने से महिला की मौत

**पटना।** जिले के पटना थाना अंतर्गत सांवारावां गांव में रविवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। गांव स्थित गायत्री मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान भारी पिलर गिरने से एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह करीब 11 बजे काजल देवांगन नामक महिला मंदिर में पूजा करने पहुंची थीं। पूजा समाप्त कर जैसे ही वह बाहर निकल रही थीं, उसी समय निर्माणाधीन मंदिर का भारी पिलर अचानक भरभराकर गिर पड़ा और वह उसके नीचे दब गईं। पिलर इतना भारी था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल मलबा हटाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हादसे की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## घने कोहरे को लेकर पुलिस ने लोगों को किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



एमसीबी जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों लगातार घना कोहरा पड़ रहा है, जिससे सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो गई है। ऐसी स्थिति में सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला पुलिस द्वारा आम नागरिकों और वाहन चालकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

- कोहरे से सड़क पर दृश्यता हुई कम

पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने जिलेवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि कोहरे के कारण वाहन चालकों को सामने की वस्तुएं समय पर दिखाई नहीं देतीं, जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने अपील करते हुए बताया कि वाहन चालकों को हमेशा एज लाइन से सुरक्षित दूरी बनाकर वाहन चलाना चाहिए। लेन अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और सेंटर लाइन पार करने और अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचना चाहिए। वाहन की गति नियंत्रित रखते हुए उतनी ही रफ्तार रखें जितनी दूरी तक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हो। उन्होंने विशेष रूप से पहाड़ी और घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी। घने कोहरे की स्थिति में फॉग लाइट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, वाहन के शीशों पर धुंध जमने से बचाव के लिए आवश्यकतानुसार एसी या डिफॉगर का प्रयोग करने की बात कही, ताकि चालक को सामने का मार्ग स्पष्ट दिखाई देता रहे। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सूर्योदय से पहले और धूप निकलने तक अनावश्यक यात्रा से बचना चाहिए। अत्यावश्यक स्थिति में ही यात्रा करें और वाहन चलाते समय पूरी सतर्कता बरतें। जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरो की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

यातायात नियमों का पालन कर ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। एमसीबी जिला पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है और सुरक्षित, सुव्यवस्थित और दुर्घटनारहित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रविशंकर पुनः बने रजवार समाज के जिलाध्यक्ष



**बैकुण्ठपुर।** रजवार समाज जिला कोरिया की जिला इकाई का गठन करते हुए सर्वसम्मति से रविशंकर राजवाड़े को एक बार फिर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके पुनः जिलाध्यक्ष चुने जाने पर समाज के लोगों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजन ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि श्री राजवाड़े के कार्यकाल में समाज को नई दिशा और मजबूती मिली है। उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर समाज के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

हरिभूमि से चर्चा करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री राजवाड़े ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक उत्थान और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## आज से कार्यालयों में तीन दिन तक कामकाज रहेंगे प्रभावित

**बैकुण्ठपुर।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय काम बंद कलम बंद हड़ताल किया जाएगा,इससे कार्यालयों में कामकाज प्रभावित होने का अनुमान है। फेडरेशन ने आरोप लगाया है कि मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं को अब तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। प्रदेश में लगभग 4 लाख 50 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं, इनमें से करीब 4 लाख 10 हजार नियमित कर्मचारी हैं। फेडरेशन के अनुसार कर्मचारियों को अब तक महंगाई भत्ता (डीए) एवं डीए एरियर्स का लाभ नहीं दिया गया है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। फेडरेशन अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार सरकार से बातचीत की कोशिश कर चुका है, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी कारण आंदोलन का रास्ता अपनाया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला संयोजक डॉ.आरएस चंदे ने बताया कि अब आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। आंदोलन के प्रथम दिवस 29 दिसंबर की सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रेमाबाग धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन, द्वितीय दिवस 30 दिसंबर को धरना उपरांत दोपहर 2 बजे मशाल रैली का आयोजन, घड़ी चौक पहुंचकर ब्लॉक स्तर से एसडीएम को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। तृतीय दिवस 31 दिसंबर को दोपहर बाद बाइक रैली के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी का आयोजन

# स्थापना दिवस पर लोकतंत्र व संविधान की रक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने 140 वें गौरवशाली स्थापना दिवस के अवसर पर लोकतंत्र, संविधान और जनहित के मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना दिवस केअवसर पर समस्त कांग्रेसियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं और यह संकल्प लिया गया कि लोकतंत्र, संविधान और जनहित के मूल्यों के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता हमेशा अटूट रहेगी।

केन्द्र की मोदी सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज देश का संविधान और लोकतंत्र गंभीर खतरे में है तथा संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जनता के अधिकार छीने जा रहे हैं और जल, जंगल, जमीन पर संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हसदेव के जंगलों की कटाई और अरावली पर्वतमाला के दोहन से पर्यावरण और आदिवासी जीवनशैली पर गहरा आघात पहुंच रहा है। कांग्रेस वक्ताओं ने याद दिलाया कि कांग्रेस ने वर्ष 1931 में मौलिक अधिकारों का जो प्रारूप प्रस्तुत किया था, वहीं आगे चलकर भारतीय संविधान का अभिन्न हिस्सा बना। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में आरटीआई, आरटीई, खाद्य सुरक्षा, मनरेगा, वन अधिकार कानून और भूमि अधिग्रहण जैसे ऐतिहासिक कानून बने, जिनकी सराहना देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया ने की। इस अवसर पर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस की विचारधारा, आजादी के आंदोलन से लेकर राष्ट्र निर्माण तक पार्टी के योगदान पर प्रकाश डाला गया।

वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि देश की आजादी, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की मजबूत विचारधारा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा में सदैव अग्रणी रही है और आगे भी संविधान व लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ⏭ शेष पेज 4 पर




## युवराज का पैतृक ग्राम चुकान में स्वागत

**अनूपपुर।** देश सेवा के प्रति जज्बा और समाज में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से ग्राम चुकान में एक गौरवशाली गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।

महरा समिति चुकान के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जहां भारतीय सेना के अग्निवीर युवराज चंद्रा का नागरिक अभिनंदन किया गया, वहीं समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वर्तमान में अमृतसर (पंजाब) में पदस्थ भारतीय सेना के अग्निवीर युवराज चंद्रा के गृहग्राम आगमन पर ग्रामीणों ने उनका पलक-पावड़े बिछाकर स्वागत किया। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और वीर जवान अमर रहे के नारों से गुंजायमान हो उठा। वक्ताओं ने युवराज की सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के होनहारों को मंच ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन कल से 31 तक रहेंगे हड़ताल पर

**कुसमी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी- अधिकारी फेडरेशन विगत दिनों से कई चरणों में आंदोलन करते आया है फेडरेशन के प्रथम चरण आंदोलन 16 जुलाई के दौरान जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंप कर फेडरेशन द्वारा अपनी 11 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया गया था। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कुसमी के तहसील संयोजक संजीव शर्मा ब्लॉक संयोजक हरकेश भारती ने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा लगातार शासन प्रशासन से पत्राचार किया जा रहा है लेकिन निराकरण नहीं होने पर प्रदेश के कर्मचारी, अधिकारी काफी आक्रोशित हैं। अब तृतीय चरण के तहत 29 से 31 दिसंबर तक हड़ताल करने का निर्णय लिया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई खेल सामग्री



**प्रतापपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह से क्रिकेट खिलाड़ियों ने खेलने की सामग्री कीट की मांग की। जिस पर उनकी मांगों को तत्काल नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह ने खेल सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि खेल के साथ आप लोग पढ़ाई भी अच्छे से कीजिए और अपने नगर, अपने क्षेत्र, अपने राज्य का नाम रोशन करे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और हमारे क्षेत्र की विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने खेल के क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह ने कहा कि आप लोग 18 वर्ष के हो गए हैं अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं और अच्छा नागरिक बने। अध्यक्ष सिंह ने सभी 18 वर्ष के आयु के लड़कों को मतदाता फार्म वितरण किए। उन्होंने कहा कि अपना फार्म समय से पहले बीएलओ, बीएलए के पास जमा करें ताकि आप लोग भी अपने मताधिकार का सही से उपयोग करें।

### जयंती मनाने के बाद अटल चौक पर मिली तस्वीर, लोगों में आक्रोश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने अटल के योगदान को याद करते हुए उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के बाद चौक को सजाया गया था और वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। हालांकि, जयंती के अगले दिन



अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर फेंकी हुई पाए जाने पर लोगों ने नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों ने इसे अटल के सम्मान के प्रति लापरवाही बताया और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि जिन महापुरुषों के नाम पर सार्वजनिक स्थल बनाए गए हैं, वहां स्वच्छता और सम्मान बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। वहीं युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा को ससम्मान अनिल मिश्रा को सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल का सम्मान केवल आयोजनों और दिखावे तक सीमित नहीं होना चाहिए। बृजेश यादव ने कहा कि अटल के विचारों और सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यकता है तथा यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

### कांग्रेस पार्षदों द्वारा दिए गए आवेदनों का ननि करा रहा परीक्षण

# हाईकोर्ट के निर्देश के बाद शुरू हुई लंबित वेतन के भुगतान की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

नगर निगम की पूर्व सरकार के कार्यकाल के लंबित वेतन भुगतान को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद ननि में आवेदनों के परीक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ननि द्वारा प्रकरणों का निराकरण करने के लिए आवेदनकर्ता महापौर और पार्षदों के साथ ही सभी पार्षदों के लंबित वेतन भुगतान का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। शासन से स्वीकृति मिलने के आने वाले समय में लंबित वेतन का भुगतान होने की उम्मीद है।

बता दें कि नगर निगम में वर्ष पूर्व की सरकार के वर्ष 2019 से 2025 के कार्यकाल के दौरान चुने हुए महापौर और पार्षदों का मानदेय जून 2023 से लंबित है। राज्य शासन से राशि का आबंटन नहीं किए जाने और ननि सरकार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण महापौर और पार्षदों के वेतन का भुगतान नहीं हो पाया था। पूर्व की सरकार ने अपनी ओर से हरसंभव प्रयास किए और सामान्य सभा से सर्वसम्मति से सभी के मानदेय का भुगतान करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था लेकिन राशि जारी नहीं हुई और सत्ता परिवर्तन हो गया। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा भी अपनी ओर से लंबित मानदेय के भुगतान हेतु प्रयास किए जा रहे थे और पार्ट-पार्ट में राशि जारी करने का आश्वासन भी दिया गया था लेकिन इस बीच पूर्व महापौर एवं कांग्रेस से जुड़े 21 पार्षदों ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने इस मामले में निगम अम्बिकापुर के समक्ष मानदेय नहीं मिलने वाली अवधी का हिसाब देने और हिसाब प्राप्त होने के 3 माह के अंदर राज्य सरकार के नोटिफिकेशन दिनांक 12 मई 2022 के हिसाब से निपटारा करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश के बाद पूर्व महापौर और पार्षदों ने अपने वेतन बनाया का विवरण दिया था। अब नगर निगम द्वारा दिए गए विवरण का परीक्षण किया जा रहा है और यह देखा जा रहा है कि महापौर और पार्षदों का वास्तविक में कितना भुगतान शेष है इसके बाद प्रकरण बनाकर ननि द्वारा राज्य शासन को भेजा जाएगा।



#### प्रतिमाह 7.50 लाख का वेतन

बता दें कि नगर निगम में महापौर का प्रतिमाह का मानदेय 30 हजार रुपए जबकि पार्षदों का मानदेय 15 हजार रुपए है। इस हिसाब से वर्तमान में ननि में महापौर पार्षदों के वेतन पर 7.50 लाख रुपए का खर्च आता है। नगर निगम में पूर्व कार्यकाल में जून 2023 से जनवरी 2025 तक पार्षदों और महापौर को मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। इस अवधि के लिए निगम के 47 पार्षदों और महापौर का कुल 1.43 करोड़ का मानदेय बकाया है। उच्च न्यायालय के द्वारा जिन 22 याचिकाकर्ता पार्षदों और महापौर के लिये आदेश जारी किया है उन्हें आगामी 3 माह में 67 लाख का भुगतान करना होगा। वर्तमान में भी नगर निगम के महापौर और पार्षदों को दो माह का वेतन नहीं मिल पाया है।

#### कर रहे भुगतान

पूर्व की सरकार में काम करने के लिए इच्छाशक्ति की कमी थी इसलिए वे मानदेय तक प्रदान नहीं कर पाए। हमने कहा था कि धीरे-धीरे लंबित वेतन भुगतान कर दिया जाएगा लेकिन वे कोर्ट चले गए। हमारी सरकार में हम नियमित रूप से अधिकारी-कर्मचारियों, प्लेसमेंट कर्मियों का वेतन भुगतान कर रहे है और इसके महापौर-पार्षद मानदेय भी नियमित रूप से जारी किया जा रहा है।

**-श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर

#### कराया जा रहा है परीक्षण

अभ्यावेदन का परीक्षण कर किया जा रहा है। पार्षद, महापौर का कितना मानदेय बचा है इसकी जांच कराकर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। शासन से स्वीकृति मिलने पर राशि का भुगतान होगा।

**-डीएन कश्यप**, आयुक्त



## ठंड से राहत के लिए जला रहे नेकी की दीवार में रखे उपयोगी कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जरूरतमंद लोगों के उपयोग के लिए शहरवासियों द्वारा नेकी की दीवार में संग्रहित कपड़ों का उपयोग ठंड से राहत के लिए किया जा रहा है। घड़ी चौक विवेकानंद स्कूल परिसर के पास सड़क किनारे निवासरत ययावर परिवार नेकी की दीवार में रखे कपड़े को जलाकर आग ताप रहे हैं।

शहर के गांधी स्टेडियम के मुख्य द्वारा पर लंबे समय से नेकी की दीवार का संचालन किया जा रहा है। शहरवासी जरूरतमंद लोगों के उपयोग योग्य कपड़े नेकी की दीवार में छोड़ जाते हैं। इन कपड़ों में पैंट, शर्ट, साड़ी, चादर, स्वेटर, टोपी सहित अन्य कपड़े होते हैं। पूर्व में बड़ी संख्या में जरूरतमंद व्यक्ति इन कपड़ों का उपयोग करते थे। अब शहरवासियों द्वारा कपड़े रखते ही कुछ महिलाएं उठा ले जाती हैं। घड़ी चौक के पास यायावर परिवार के सदस्य भी भोर होते ही इन कपड़ों को ले आते हैं तथा उपयोगी कपड़ों को जलाकर आग तापते हैं। यायावर परिवार के सदस्यों द्वारा ठंड से राहत के लिए उपयोगी कपड़ों को जलाने का सिलसिला मध्य नवम्बर से ही चल रहा है। सुबह कलेक्टर कार्यालय में घूमने जाने वाले लोगों ने कपड़ों को जलाते देख यायावर परिवार के सदस्यों को बार-बार समझाइश देकर ऐसा करने से मना किया वही कुछ लोगों ने इस तरह की मनमानी पर सदस्यों को डांट भी लगाई इसके बावजूद स्थिति नहीं बदली है। अभी भी यायावर परिवार के सदस्य आग तापने के लिए नेकी की दीवार में रखे उपयोगी कपड़ों को जला रहे हैं।

## पति पत्नी का पैर धो कर कराया घर वापसी वनांचल क्षेत्रों में चल रहा धर्मांतरण का खेल



**डांड़गांव।** विकासखंड उदयपुर एवं लखनपुर वन क्षेत्र के दर्जनों गांवों में गरीब तबके के लोगों का तेजी से धर्मांतरण हो रहा है। हिन्दू संगठनों द्वारा विरोध एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहे ताकि सनातन धर्म एवं संस्कृति बनी रहे। ग्राम पटकुरा में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में पति-पत्नी का पैर धोकर विधि विधान पूर्वक घर वापसी कराया गया।

विकास खंड उदयपुर के कुदरत बसवार, सायर, कुंडेवा, भकुरमा, मरैया, मंत्रीगा सहित आसपास के वन क्षेत्र में धर्मांतरण का खेल लंबे समय से चल रहा है। इसके अलावा लखनपुर ब्लाक के पटकुरा, अरगोती, बिनिया,जीविलिया, राई डांड़, जमदरा सहित अन्य कई वन क्षेत्र में धर्मांतरण हो रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर हर वन क्षेत्र मंडल वार विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन पहली बार हो रहा है जहां सनातन धर्म संस्कृति को बचाए रखने के लिए लगातार जोर दिया जा रहा है। साथ ही धर्मांतरण का विरोध कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विगत दिन पटकुरा में हुए विशाल हिन्दू सम्मेलन में पति पत्नी का पैर धौकर पूजा अर्चना कर संघ परिवार के लोगों ने घर वापसी कराया है और आगे की बड़े रूप में इन वन क्षेत्र में घर वापसी कार्यक्रम का ऐलान किया है। खंड कार्यवाह यतेंद्र पाण्डेय ने कहा कि इतने समृद्ध विरासत के बावजूद अगर संगठित नहीं है तो गलती हमारी है। सम्मेलन में ग्राम पटकुरा के चंदन राम आ. चमरू और उनकी धर्मपत्नी का हिंदू धर्म में पुनः घर वापसी हुई जिसे संघचालक और खंड कार्यवाह ने पैर पखार कर पूजा अर्चना के पश्चात घर वापसी कराया ।कार्यक्रम में बिहारीलाल उराव, सोनसाय, अजय सोनी, भोला यादव, रितेश गुप्ता, बृजलाल साहू, चुन्दु लाल, सुधीर गुप्ता, पंडित अमितेश, भोला यादव, संजीव सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### हिन्दू सम्मेलन में सांसद विधायक ने लिया हिस्सा

**राजपुर।** शुक्रवार को बरियों स्थित दुर्गा पंडाल के समीप भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में सांसद, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। समाज को एक सूत्र में बांधने, युवाओं में सांस्कृतिक चेतना का विकास करना तथा भारतीय परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांसद चिंतामणि महाराज, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, सहित कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता दीपक राम ने हिन्दू समाज के समक्ष वर्तमान सामाजिक चुनौतियों, संगठन की आवश्यकता और सांस्कृतिक संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और संगठित होकर ही हम



अपनी संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा कर सकते हैं। इस दौरान आयोजन समिति के संयोजक मुकेश गुप्ता, सहसंयोजक कमला प्रसाद सिंह, बसंती वाजवाडे, सुनील जायसवाल, विरेंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण चौबे, महासचिव नागेश्वर राजवाडे, कोषाध्यक्ष कमला प्रसाद सिंह, जितेन्द्र जायसवाल, धरम सिंह, मणिशंकर, राजकुमार, मकरधर प्रधान, राहुल गुप्ता, राहुल सिंह, हरिश नागेश्वर, गोविंद राम, सुरेश यादव एवं विष्णु अग्रवाल मौजूद थे।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की हत्या के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओ की हत्या और उनपर संगठित हमलों को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा द्वारा घड़ी चौक पर बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मो. यूनुस का पुतला दहन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव भवन से घड़ी चौक तक पैदल मार्च कर जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में पुतला दहन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओ के नरसंहार को लेकर देश को वही दृढ़ता वाला रवैया अपनाना चाहिए जैसे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने अपनाया था। देश की जनता यह चाहती है कि पीएम नरेंद्र मोदी चीन को तो लाल आंख नहीं दिखला पाए कम से कम बांग्लादेश को तो दिखलाये ताकि बेगुनाह हिंदुओ पर अत्याचार बंद हो। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि मैं बांग्लादेश के उन कट्टरपंथी गुटों की कड़ी निंदा करता हूं जो वहां अल्पसंख्यक हिंदुओ की नृशंस हत्या कर रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक देश में वहां के अल्पसंख्यक समुदाय की रक्षा वहां के सरकार की जिम्मेदारी होती है। निश्चय ही बांग्लादेश की सरकार इस मामले में विफल रही है। इस मामले में मोदी सरकार को ढुलमुल रवैया छोड़ कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि बांग्लादेश में हिंदुओ की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, मो इस्लाम, विनय शर्मा, रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, हेमंत तिवारी, संजय विश्वकर्मा, डॉ लालचंद यादव, इंद्रजीत सिंह धंजल, अनिल सिंह, दुर्गेश गुप्ता, संजीव मंदिलवार, लक्ष्मी गुप्ता, पपिन्दर सिंह, गुरूप्रीत सिद्धू, जमील खान, रशिद अहमद, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, सतीश बारी, निक्की खान, आलोक सिंह, शुभम जायसवाल, आशीष जायसवाल, अमित सिंह, अविनाश कुमार, विकास शर्मा, आतिश शुक्ला, दिनेश शर्मा, बबन सोनी आदि मौजूद थे।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने किया बांग्लादेश का पुतला दहन

**रामानुजगंज।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में रामानुजगंज में विरोध प्रदर्शन करते हुए लरंगसाय चौक में बांग्लादेश एवं सत्ता पर आसीन यूनुस का पुतला दहन किया। रामानुजगंज में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा प्रशासनिक मोन और मानवाधिकार के खुला उल्लंघन के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष जस्सू केसरी ने कड़ी निंदा करते हुए कहा निर्दोष



हिंदुओं की हत्या, मंदिरों और संपत्तियों पर हमला संपूर्ण मानवता के लिए कलंक है। हिंदुओं का एकमात्र देश भारत है यदि भारत हिंदुओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए आवाज नहीं उठाएगी तो हिंदुओं के लिए कोई और खड़ा नहीं होगा। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह विमल किशोर दुबे, विश्व हिंदू परिषद आशीष चौबे, सुशील मेहरा, सूरज कश्यप, नेहाल कश्यप, सचिन पासवान, रंजन शर्मा, प्रहलाद यादव, आकाश, ठाकुर, विकास गुप्ता, आनंद विश्वकर्मा, रौनक गुप्ता, सुमेर सिंह, विशाल राम, सनी दास एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंचतत्व में विलीन हुईं स्वर्णलता सिंहदेव छोटे पुत्र अमिताभ ने दी मुखाग्नि

**अंबिकापुर।** भाजपा वरिष्ठ नेता और छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माता श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव पंचतत्व में विलीन हो गई। शनिवार को मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनकी अंतिम यात्रा में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

- कैबिनेट मंत्री, विधायक, सांसद सहित बड़ी सख्या में लोग हुए शामिल

बता दें कि छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माता श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का 26 दिसम्बर को 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमारी से जूझ रही थी और शुक्रवार को रायपुर एम्स में उन्होने अंतिम सांसें ली। वे शंकरगढ़ राजपरिवार के स्व. लाल अरुण प्रताप सिंहदेव की धर्मपत्नी थी। निधन उपरान्त शुक्रवार की शाम उनका पार्थिव शरीर अंबिकापुर लाया गया जहां बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्विट कर शोक जताया। शनिवार की सुबह स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव की अंतिम यात्रा उनके निवास से निकाली गई। स्व. श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का अंतिम संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया



गया जहां मुखाग्नि छोटे पुत्र व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष शंकरगढ़ अमिताभ सिंहदेव ने दी। उनकी इस अंतिम यात्रा में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महराज, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, विधाक रामकुमार टोप्पो, भाजपा नेता अखिलेश सोनी, नवीन मारकंडे, सत्यनारायण सिंह, अनिल सिंह मेजर, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, करताराम गुप्ता, बाबूलाल अग्रवाल, शिवनाथ यादव, अम्बिकेश केशरी, विनोद हर्ष, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, हरपाल भमरा, अरुणा सिंह, शुभांगी बिहाड़े सहित अन्य मौजूद थे।

## ग्राम गंगोटी में राजस्व खाद्य की टीम ने जब्त किया 214 बोरी धान

**सूरजपुर।** जिले के ग्राम गंगोटी में राजस्व व खाद्य की टीम ने अवैध धान संग्रहण के एक मामले पर शिकंजा कसा। उन्होंने गंगोटी में संचालित एक दुकान से बिना लाइसेंस अवैध रूप से खरीदे गए धान की 214 बोरी जब्त की। जिस पर मंडी अधिनियम के तहत अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। तहसीलदार उमेश कुशवाहा ने बताया गया कि इसके पूर्व भी दुकानदार बिना किसी वैध लाइसेंस के अवैध रूप से धान की खरीद-फरोख्त किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान धान के साथ-साथ अन्य कृषि उपज सरसों व अलसी भी गोदाम में मिली, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। गौरतलब है कि दुकानदार विरुद्ध पूर्व में की गई कार्रवाई में दुकान से अवैध धान की 740 बोरी जब्त की गई थी।



## बस्तामुक्त विद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**बिश्रामपुर।** प्रथम बस्तामुक्त माध्यमिक शाला रुनियाडीह में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह वक्ता वासुदेव यादव प्रदेश सचिव अखिल भारतीय बनवासी कल्याण आश्रम जशपुर प्रांत रहे।

इस दौरान मंच पर अन्य अतिथियों में गुरुद्वारा समिति बिश्रामपुर के पूर्व ज्ञानी सरदार अनिल सिंह, राजेश कुमार,शशि किरण खेस, जयंती भगत, शेष नारायण क्षत्रिय,देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। संस्था में गीत, कविता, भाषण तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता वासुदेव यादव द्वारा सिक्ख समुदाय के योगदान को भारतीय समाज के लिए अतुलनीय बताया तथा इनके जैसा समाज हितैषी बनने हेतु उपस्थित जनों को प्रेरित किया गया। गुरुद्वारा समिति के पूर्व ज्ञानी अनिल सिंह द्वारा उपस्थित जनों को सिक्ख गुरुओं सहित समुदाय के कार्यों को बताते हुए उनके बलिदानों को याद किया गया। इस दौरान संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी, ओमवती नेताम, पार्वती सिंह, चंद्रकला, हेमराज सिंह, गोपाल राम, एनवति राजवाड़े अध्यक्ष एसएमसी, कौशिल्या राजवाड़े, विजेंद्र लाल जायसवाल शैक्षिक समन्वयक, पार्वती राजवाड़े, संजीव सिंह व अन्य उपस्थित थे।

## केनापारा पर्यटन केंद्र एवं फिश पॉइंट का फिर से होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- हैदराबाद की एक कम्पनी से मंगाई गई प्रस्ताव रिपोर्ट
- मार्च माह में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री का प्रस्तावित बिश्रामपुर दौरे से पूर्व कार्य पूर्ण करा आकर्षक स्वरूप देने की है तैयारी

कोयला उत्पादन के बाद बेकार पड़ी पोखरी को माइंस क्लोजर मद से विकसित कर बनाए गए केनापारा पर्यटन केंद्र को एक बार फिर संवारने की कवायद शुरू हो गई है। प्रशासनिक लापरवाही व मैनेजमेंट अनदेखी के कारण कई महीनों से जर्जर हो चुका यह पर्यटन केंद्र एवं फीश प्वाइंट अब केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के प्रस्तावित मार्च माह के बिश्रामपुर दौरे के चलते फिर से चर्चा में आ गया है।

बताया जा रहा है कि मंत्री के दौरे से पूर्व एसईसीएल प्रबंधन केनापारा पर्यटन केंद्र को आकर्षक स्वरूप देने में जुट गया है,गौरतलब है कि एसईसीएल पिछले करीब छह दशकों से सरगुजा संभाग में कोयला खनन कर रही है और समय-समय पर सीएसआर के तहत सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का दावा करती रही है,ऐसे में मंत्री के समक्ष कोयला खनन के बाद बंजर पड़े क्षेत्र के बेहतर उपयोग का उदाहरण प्रस्तुत करने के उद्देश्य से केनापारा पर्यटन केंद्र को पुनर्जीवित करने की योजना बनाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार हाल ही में क्षेत्रीय प्रबंधन ने कलेक्टर एस जयवर्धन से मुलाकात कर मंत्री के दौरे से पहले पर्यटन केंद्र में आवश्यक विकास कार्य कराने को लेकर चर्चा की,बताया जा रहा है कि हैदराबाद की एक कंपनी से पर्यटन केंद्र के विकास हेतु प्रस्ताव मंगाया गया है, प्रस्ताव के अंतर्गत वाटर एडवेंचर गतिविधियों,पोखरी के दूसरे छोर तक आवागमन के लिए ओवरब्रिज,पार्क तथा पिकनिक स्पॉट विकसित किए जाने की संभावना है,इन सभी कार्यों को मार्च से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।उल्लेखनीय है कि करीब सात वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर केसी देव सेनापति के प्रयासों से एसईसीएल ने माइंस क्लोजर मद से 1 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से इस परियोजना को स्वीकृति दी थी जिसमें पर्यटन केंद्र के साथ पोखरी के गहरे व अथाह जल में मछली पालन का कार्य आरंभ किया गया था,बाद में पर्यटन केंद्र के विकास के लिए एसईसीएल द्वारा जिला प्रशासन को लगभग 5 करोड़ रुपये अतिरिक्त उपलब्ध कराए गए,बताया जाता है कि कुल करीब सवा चार करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन कार्यों की गुणवत्ता की समुचित निगरानी न होने के कारण पहाड़ी क्षेत्र में बनाई गई बांस की झोपड़ियां, लाइटिंग, सड़क, पार्क और झूले धीरे-धीरे नष्ट व क्षतिग्रस्त हो गए,उचित देखरेख के अभाव में एसी,फ्रिज,टीवी सहित कई सामान चोरी हो गए,वर्तमान में केवल महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित बोटिंग के कारण ही सीमित संख्या में पर्यटक यहां पहुंच पा रहे हैं।




#### पर्यटन केंद्र में बने फ्लोटिंग रेस्टोरेंट एवं फिश केज रही आकर्षण का केंद्र


बंद खदान के पोखरी में जमा गहरे व अथाह जल में मोटर बोटिंग सहित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में जलपान की व्यवस्था और मछली पालन के लिए बनाए गए फीश केज में हजारों मछलियों के एक साथ पानी में अटखेलिया करना जिले सहित सरगुजा संभाग के पर्यटकों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र बना रहा, इसके अलावा बच्चों के लिए बने फाउंटेन व झूले आरंभ में पर्यटन केंद्र ने लोगों को खासा आकर्षित किया लेकिन ये सब समय के साथ देखरेख के अभाव में तेजी से नष्ट भी हो गए,अब केंद्रीय मंत्री के दौरे से पूर्व सक्रिय हुए एसईसीएल प्रबंधन के बाद नये सिरे से जीर्णोद्धार होने की उम्मीद बढ़ गई है।गौरतलब है कि केनापारा पर्यटन केंद्र उस समय राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आया था,जब प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर इसे कोल इंडिया द्वारा कोयला खनन के बाद खाली पड़े स्थल के बेहतर उपयोग का उदाहरण बताया था और महिला समूहों को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने की सराहना की थी।



# हर्षवर्धन राणे अब दिखेंगे गैंगस्टर वाली फिल्म में

**मुंबई।** 'सनम तेरी कसम' और 'एक दीवाने की दीवानियत' से चमकने वाले हर्षवर्धन राणे धड़ाधड़ नई परियोजनाओं से जुड़ रहे हैं। एक ओर, वह निर्देशक ओमंग कुमार की आगामी फिल्म 'सिला' में व्यस्त चल रहे हैं। दूसरी ओर, वह एकता कपूर की नई फिल्म 'शूटआउट एट दुबई' के साथ भी जुड़ चुके हैं। इस फिल्म की चर्चा तो काफी पहले से थी। ताजा जानकारी है कि फिल्म के बनने से पहले ही इसके डिजिटल अधिकारों को बेच दिया गया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक, 'शूटआउट एट दुबई' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म होगी जिसके डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार नेटफ्लिक्स ने पहले ही हासिल कर लिए हैं।

लाइफ Style



# रश्मिका

## 'मायसा' में खूंखार अवतार उड़ा देगा होश

एजेंसी ⏭ मुंबई

अगली फिल्म में रश्मिका खूंखार अवतार नजर आने वाला है जिसकी पहली झलक भी सामने आ गई है। दरअसल रश्मिका की पैन इंडिया फिल्म 'मायसा' का टीजर जारी कर दिया गया है। इस नायिका प्रधान एक्शन थ्रिलर फिल्म में उनका साहसिक लुक लोगों का दिल जीत रहा है।

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपने हर किरदार से दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ती हैं। आयुष्मान खुराना की फिल्म 'थामा' में उन्होंने ड्रैकुला 'ताड़का' का किरदार निभाया, जिसे लोगों ने खूब पंसद किया। अगली फिल्म में उनका खूंखार अवतार नजर आने वाला है जिसकी पहली झलक भी सामने आ गई है। दरअसल रश्मिका की पैन इंडिया फिल्म 'मायसा' का टीजर जारी कर दिया गया है। इस नायिका प्रधान एक्शन थ्रिलर फिल्म में उनका साहसिक लुक लोगों का दिल जीत रहा है।

**2026 में रिलीज होगी 'मायसा':** रश्मिका ने फिल्म 'मायसा' की पहली झलक जारी करते हुए कैप्शन दिया, 'हिमशैल का एक छोटा सा हिस्सा है। हम बस एक शाम के लिए कुछ मजेदार करना चाहते थे जिससे आपको आज की दुनिया दिखा सकें और बाकी गंभीर बातें? ओह्ह्ह्होहोहोहोइओ, आप उन्हें कुछ महीनों में देखेंगे।' इस पैन इंडिया फिल्म को 2026 में रिलीज किया जाएगा, लेकिन तारीख का ऐलान होना बाकी है। रवींद्र पुल्ले द्वारा निर्देशत फिल्म की कहानी गोंड जनजाति की पृष्ठभूमि पर आधारित है।

हॉलीवुड मसाला



## फायर एंड ऐश ने ज्यादा नोट छापे

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून की फेमस 'अवतार' सीरीज की तीसरी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' और एनाकोंडा भी लोगों को बेहद पसंद आ रही है। दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। चलिए जानते हैं, दोनों फिल्मों में से कौन अच्छी कमाई कर रही है। 'धुरंधर' क सफलता के बीच बॉक्स ऑफिस पर 'अवतारः फायर एंड ऐश' अच्छा खासा कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने भारत में फिल्म के 7वें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है।



## मार्वल-वार्नर ब्रदर्स के बीच 2026 में होगा महासंग्राम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के लिहाज से 2026 काफी शानदार होने वाला है। मार्वल की अगली किस्त 'एवेंजर्स डूम्सडे' रिलीज के लिए कमर कस रही है। उसके सामने 'ड्यून 3' खड़ी है। दोनों फिल्में दिसंबर, 2026 में और एक ही दिन पर रिलीज हो रही हैं। ऐसी अफवाह थी कि बॉक्स ऑफिस पर इस टकराव से बचने के लिए रिलीज तारीख बदली जा सकती है। अब जो खबर है, उससे साफ हो गया है कि निर्माता बदलाव के मूड में नहीं हैं। 'एवेंजर्स डूम्सडे' और 'ड्यून 3', दोनों ही मार्वल और वार्नर ब्रदर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्में हैं जिससे लोगों की काफी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। दोनों फिल्मों का एक दिन पर आना न सिर्फ बड़े टकराव को जन्म देगा, बल्कि एक-दूसरे की कमाई पर भी असर डालेगा।



## दीपिका के बयान पर बोलीं संतुलन बनाना जरूरी

**मुंबई।** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सिनेमा में 8 घंटे शिफ्ट रखने की मांग की थी। उनके इस बयान ने फिल्म इंडस्ट्री में नई बहस छेड़ दी। कई सितारों ने दीपिका की इस मांग का समर्थन भी किया। अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने इस 8 घंटे शिफ्ट वाले मामले पर अपनी राय व्यक्त की है। कियारा जुलाई, 2025 में एक बेटी 'सरायाह' की मां बनी हैं। अब उन्होंने फिल्मों में वापसी करने की पूरी तैयारी कर ली है। वोग के साथ बातचीत में, कियारा ने व्यक्तिगत और कामकाजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, किसी भी इंडस्ट्री में काम करने वाले, किसी भी व्यक्ति के लिए थकान और तनाव फायदेमंद नहीं होता। कियारा ने 3 शब्दों पर जोर दिया जो उनके काम के तरीके का मूल आधार हैं।



## रणबीर की 'एनिमल-2' में होगी वापसी

**मुंबई।** अभिनेता रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' ने कई आलोचनाओं के बावजूद दर्शकों का दिल जीता था। फिल्म के दूसरे भाग 'एनमिल पार्क' का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज तारीख तो तय नहीं हुई है, लेकिन इसकी शूटिंग 2027 से शुरू होने की पूरी संभावना है। चर्चा तो यह भी है कि दूसरी किस्त में, रणबीर को दोहरी भूमिका निभाते हुए देखा जाएगा। इस बीच, सलोनी बत्रा ने सीक्वल में अपनी वापसी पर बात की है। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित 'एनिमल पार्क' में सलोनी को फिर दमदार किरदार में देखा जाएगा। जूम के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को 'एनिमल' पसंद आई थी, इसलिए निर्माता मनोरंजन और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।

टीवी मसाला



## कपिल ने 'धुरंधर' पर फोड़ा अपनी फिल्म की असफलता का ठीकरा

**मुंबई।** कपिल शर्मा की फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' को रिलीज हुए 12 दिन ही हुए हैं, लेकिन निर्माताओं ने इसे फिर से सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया है। ये अचानक उठाया गया कदम दर्शकों और ट्रेड पंडितों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। फिल्म को न तो दर्शकों से खास प्रतिक्रिया मिली और ना ही बॉक्स ऑफिस पर इसका जादू चला। अब कपिल की टीम ने फिल्म की असफलता पर बयान जारी किया है।

***कपिल की टीम ने जारी किया बयान :*** कपिल की फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' 14 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। ये उनकी 2015 में आई हिट फिल्म 'किस किस को प्यार करूं' का सीक्वल है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। अब कपिल की टीम ने एक बयान जारी कर कहा है कि इस फिल्म को सिनेमाघरों में पर्याप्त स्क्रीन नहीं मिली, क्योंकि बड़े बजट और ज्यादा लोकप्रिय सितारों की फिल्मों ने ज्यादा स्क्रीन ले ली थीं।

***'धुरंधर' ने बिगाड़ा कपिल की फिल्म का खेल :*** कपिल की टीम ने ये भी कहा कि खासकर रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' रिलीज होने के बाद उनकी फिल्म के लिए शो और स्क्रीन कम रह गए। इसी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई।फिल्म को री-रिलीज करने का फैसला इसी वजह से लिया गया है। निर्माताओं ने बताया है कि जनवरी, 2026 में फिल्म दोबारा सिनेमाघरों में आएगी, ताकि ये दर्शकों तक फिर से पहुंच सके और बेहतर कमाई कर सके।

### क्या री-रिलीज से चमकेगी 'किस किस को प्यार करूं 2' की किस्मत?

कपिल की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। इसे देखने के लिए दर्शक ज्यादा नहीं आए और लोगों की राय भी नकारात्मक रही। फिल्म में इतनी दिलचस्पी नहीं थी कि लोग इसे दोबारा देखें। फिल्म भारत में महज 11 करोड़ कमा पाई। कई सिनेमाघरों ने तो कुछ ही दिनों में इसे हटा दिया, ताकि इसकी जगह बेहतर प्रदर्शन करने वाली नई फिल्में दिखाई जा सकें। अब देखना होगा कि ये फिल्म वापस अपना सिक्का जमा पाती है या नहीं।

## नए साल की धमाकेदार शुरुआत, धर्मेन्द्र, सनी और बॉबी की तीन धांसू फिल्में होंगी रिलीज

मुंबई। नए साल की शुरुआत देओल परिवार के लिए भावनाओं से भरी होने जा रही है। एक ओर जहां सबसे पहले दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी, वहीं उनके दोनों बेटों सनी देओल और बॉबी देओल की फिल्में भी रिलीज के लिए तैयार हैं। एक्शन, इमोशन और स्टार पावर से भरपूर इन फिल्मों की राह दर्शक भी बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। आइए जानें कैसे जनवरी का पूरा महीना देओल परिवार के नाम रहने वाला है।



***'इक्कीस' :*** धर्मेंद्र अब इस दुनिया में नहीं हैं। 89 साल की उम्र में भी वो अभिनय की दुनिया में सक्रिय थे। उनकी फिल्म 'इक्कीस' खूब चर्चा में है। तबीयत ठीक न होने की वजह से वो अपनी ये फिल्म पूरी नहीं देख पाए थे। 'इक्कीस' की रिलीज से पहले सनी और बॉबी अपने पिता की याद में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग भी रखेंगे। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी ये फिल्म 1 जनवरी को रिलीज हो रही है।

***धर्मेंद्र की आखिरी झलक देखने को बेकरार फैंस :*** धर्मेंद्र ने 24 नवंबर, 2025 को इस दुनिया को अलविदा कहा था। अपने अंतिम दिनों में उन्होंने 'इक्कीस' की शूटिंग पूरी की थी, जिसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के साथ उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। फिल्म के कुछ भावुक सीन और बीटीएस वीडियो में धर्मेंद्र अपने साथी कलाकारों से आखिरी बार बातें करते नजर आए। इन यादगार पलों के बाद फैंस अब अपने पसंदीदा सितारे को आखिरी बार पर्दे पर देखने को बेताब हैं।

***'जन नायकन':*** बॉबी देओल विलेन के अवतार में थलापति विजय की 'जन नायकन' में धमाका करने आ रहे हैं। फिल्म की आधिकारिक घोषणा के समय विजय और बॉबी को एक ही फ्रेम में देखकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई थी। इस पोंगल 9 जनवरी को 'जन नायकन' सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म में पूजा हेगड़े भी मुख्य भूमिका में हैं, वहीं निर्देशक लोकेश कनगराज, नेल्सन दिलीप कुमार और एटली इसमें कैमियो करते दिखेंगे।

***'बॉर्डर 2':*** उधर सालों बाद सनी देओल फिर 'फौजी' के रूप में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। पिछले दिनों फिल्म का जबरदस्त टीजर लॉन्च हुआ था, जिसमें सनी अपने पिता को याद करते हुए काफी भावुक हो गए थे।

## अल्लू-प्रभास सहित इन एक्टर ने ली 1,000 करोड़ी क्लब में सबसे तेज एंट्री, एक ने रचा इतिहास

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर' ने ऐसा धमाका किया है कि हर दिन नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। रिलीज के कुछ ही समय में फिल्म ने दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इस सफलता के साथ ही रणवीर सिंह उन चुनिंदा भारतीय सितारों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने सबसे जल्दी 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री की है। आइए नजर डालते है रणवीर से पहले सबसे तेज 1,000 करोड़ी फिल्में देने वाले अभिनेताओं पर।

**अल्लू अर्जुन :** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' ने विश्वभर में सिर्फ 7 दिनों में 1,000 करोड़ का कारोबार कर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाते हुए अल्लू अर्जुन को सबसे तेज 1,000 करोड़ क्लब में शामिल होने वाले कलाकारों की सूची में ला खड़ा किया। अभी तक अल्लू का ये रिकॉर्ड कोई भारतीय कलाकार नहीं तोड़ सका है। नेटफ्लिक्स पर मौजूद इस फिल्म ने दुनियाभर में 1,742 करोड़ रुपये कमाए थे।



**प्रभास :** 'पुष्पा 2' से पहले सबसे तेज 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने का रिकॉर्ड प्रभास की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बाहुबली 2: द कन्क्लूजन' के नाम था। इसने ये मुकाम 10 दिनों में हासिल किया था। 'बाहुबली 2' ने न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी जबरदस्त कमाई की और प्रभास को पैन इंडिया सुपरस्टार के रूप में स्थापित किया। दुनियाभर में इस फिल्म ने 1788 करोड़ रुपये कमाए थे। जियो हॉटस्टार पर ये फिल्म देखी जा सकती है।



**यश :** यश की फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 1' ने 16 दिन में 1,000 करोड़ रुपये के जादुई क्लब में एंट्री ली थी। इस फिल्म ने केवल यश को स्टारडम ही नहीं दिया, बल्कि कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान भी दिलाई। फिल्म के शानदार एक्शन सीक्वेंस, दमदार संवाद और यश का करिश्माई अभिनय दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। फिल्म ने दुनियाभर में 1,215 करोड़ रुपये कमाए थे। ये फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर है।

**राम चरण- एनटीआर, शाहरुख और रणवीर :** बॉक्स ऑफिस पर भारतीय फिल्मों की 1,000 करोड़ क्लब की रेस अब दर्शकों के लिए और भी रोमांचक हो गई है। राम चरण-जूनियर एनटीआर की फिल्म 'आरआरआर' ने ये मुकाम सिर्फ 17 दिनों में हासिल किया था, वहीं शाहरुख खान की 'जवान' को इस आंकड़े तक पहुंचने में 18 दिन लगे। इस रेस में सबसे नया धमाका है रणवीर सिंह की 'धुरंधर', जिसने 21 दिन में 1,000 करोड़ क्लब में एंट्री कर दर्शकों और समीक्षकों दोनों को चौंका दिया है।



## बॉलीवुड पर 37 सालों से राज कर रहा ये सुपरस्टार, देखे कई उतार-चढ़ाव

# बैकग्राउंड डांसर से शुरू किया था कॅरियर, 75 रुपए थी पहली सैलरी

*एंटरटेनमेंट जगत में कई सितारे हैं जिन्होंने सालों से बॉलीवुड पर अपनी पकड़ बनाए रखी है लेकिन, हिंदी सिनेमा में एक ऐसा सितारा भी है जो सालों से बॉलीवुड पर राज कर रहा है। हम जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं सलमान खान हैं। सलमान जिस भी फिल्म में काम करते हैं, वह सुपरहिट हो जाती है। बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर ही जाती है। सलमान ने शनिवार 27 दिसंबर को अपना 60वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस दौरान सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।*

### इंदौर में हुआ था सलमान का जन्म

हम जिस एक्टर की बात कर रहे हैं उन्हें सलमान खान के नाम से जाना जाता है। सलमान खान का जन्म 27 दिसंबर 1965 को मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था। वे फेमस स्क्रीन राइटर सलीम खान और उनकी पहली पत्नी सलमा के बड़े बेटे हैं। उन्होंने ग्वालियर के सिंधिया स्कूल और मुंबई के सेंट स्टैनिस्लास हाई स्कूल में पढ़ाई की है। बाद में उन्होंने मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज में दाखिला लिया, लेकिन अपनी पढ़ाई पूरी नहीं की।



### दोस्त संग डांस किया मिले इतने रुपए

दिग्गज स्क्रीन राइटर सलीम खान के बेटे होने के बावजूद, सलमान खान बैकग्राउंड डांसर के रूप में काम करते थे। खुद सलमान ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था, "मेरी पहली तनख्वाह, मुझे लगता है, लगभग 75 रुपये थी। मैं ताज होटल में एक शो में डांस कर रहा था, मेरा एक दोस्त वहां डांस कर रहा था, तो उसने मुझे भी मजे के लिए अपने साथ ले लिया और मैंने भी डांस किया जिसके बदले 75 रुपए मिले। उन्होंने आगे कहा, "फिर कैम्पा कोला के लिए यह बढ़कर राशि 750 रुपये हो गई। लंबे समय तक चलने वाले ब्रांड के लिए 105 रुपये मिलते थे। फिर मुझे 'मैंने प्यार किया' के लिए 31,000 रुपये मिले, जो बाद में बढ़कर 75,000 रुपये हो गए।

### 'मैंने प्यार किया' से बने रातों-रात स्टार

सलमान ने 1988 में आई फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' में सपोर्टिंग रोल से बॉलीवुड में एंट्री की थी लेकिन उन्हें 1989 में सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से सफलता मिली, जिसने उनके शानदार करियर की शुरुआत की। 'मैंने प्यार किया' की शूटिंग के दौरान उनका शुरुआती सैलरी महज 31 हजार रुपये थी। हालांकि निर्माताओं ने बाद में उनकी फीस बढ़ाकर 71,000 से 75,000 रुपये कर दी थी, जो उनके शुरुआती करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी।

### दी हैं कई ब्लॉकबस्टर फिल्में

*सलमान खान ने 100 से ज्यादा फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों को दीवाना बना चुके हैं। उन्होंने 'हम आपके हैं कौन..!', 'करण अर्जुन', 'हम साथ साथ हैं' जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ हिट फिल्में दी हैं। हालांकि ऐसा दौर भी आया जब उनका करियर पटरी से उतर गया था लेकिन फिर उन्होंने 'वांटेड' से दमदार कमबैक किया। इसके बाद 'दबंग', 'बजरंगी भाईजान' और 'टाइगर जिंदा है' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से स्टारडम हासिल कर लिया।*

### अफेयर के चर्चे खूब, पर नहीं हो पाई शादी

*गौरतलब है कि सलमान खान अभी भी कुंवारे हैं। हालांकि उनके अफेयर के चर्चे खूब रहे। सलमान खान, संगीता बिजलानी के साथ सीरियस रिलेशनशिप में थे। दोनों की शादी के कार्ड भी छप चुके थे, लेकिन अंत में इनका रिश्ता टूट गया। संगीता के बाद उनका नाम सोमी अली संग जुड़ा था। सोमी ने सलमान पर मारपीट का आरोप लगाया था. इसके बाद उनके और ऐश्वर्या राय के रोमांस के चर्चे हुए। सलमान और ऐश्वर्या किस मोड़ पर खत्म हुआ, ये हर किसी को पता है। ऐश्वर्या से ब्रेकअप के बाद सलमान की जिंदगी में कटरीना की एंट्री हुई, लेकिन कुछ समय बाद दोनों अलग हो गए। चर्चा ये भी है कि अब सलमान, यूलिया वंतूर को डेट कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### किकिरदा में नाचबो अऊ नचाबो डांस स्पर्धा 31 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक में नाचबो अऊ नचाबो डांस प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर बुधवार रात्रि 8 बजे से रखा गया है। डांस प्रतियोगिता अलग-अलग तीन विधाओं में रखा गया है। तीनों विधाओं में आकर्षक पुरस्कार इनाम स्वरूप दिया जाएगा। ग्राम वासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### हनुमान मंदिर में अखंड संकीर्तन 31 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पौष दवादशी 31 दिसंबर को 24 घंटे का अखंन्ड सीतारामनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का पावन दिन 22 जनवरी 2024 को सपन्न हुआ था। उस समय भारतीय पंच्चाग के अनुसार पौष शुक्ल दवादशी तिथि थी, यही दिन देशभर में कूर्म जंयती के रुप में मनाया जाता है। दूसरी रामलला वर्षगांठ प्रतिष्ठा दवादशी 31 दिसंबर बुधवार को मनाई जाएगी।

### ठंड से बचने वृद्ध ने लिया अलाव का सहारा, जलकर मौत

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में एक बड़ी घटना घटित हुई। जहाँ कड़ाके की ठंड से बचने की कोशिश एक वृद्धा के लिए जानलेवा साबित हो गई।पूरी घटना ग्राम सामारूमा की है, जहां गांव में रहने वाली 84 वर्षीय गुरूबारी बाई शनिवार को अपने घर में ठंड से राहत पाने के लिए अलाव ताप रही थीं। इसी दौरान अलाव की चिंगारी ने उनके कपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। उम्र के इस पड़ाव पर वह जब तक कुछ समझ पातीं या मदद के लिए पुकारतीं, आग की लपटें उनके पूरे शरीर में फैल चुकी थीं।परिजनों को जैसे ही घटना की आहट हुई, उन्होंने आनन-फानन में मौके पर पहुँचकर भारी मशक्कत के बाद आग बुझाई। हालांकि, तब तक गुरूबारी बाई काफी गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उन्होंने कई घंटों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष किया। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद, वृध्द की मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है और पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। यह घटना हमें इस बात के लिए सचेत करती है कि बुजुर्गों के मामले में छोटी सी लापरवाही भी कितनी बड़ी त्रासदी का रूप ले सकती है।

## निधन

### सत्यनारायण जायसवाल

**बैकुंठपुर।** जिले के सकरिया पोंडी (बचरा) निवासी सत्यनारायण



जायसवाल का उपचार के दौरान रायपुर में रविवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सकरिया में 29 दिसंबर को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। वे हरिभूमि प्रतिनिधि बचरापोड़ी संत कुमार जायसवाल, अशोक जायसवाल, राजेश जायसवाल, धीरज जायसवाल के पिता एवं डॉ. प्रिंस जायसवाल के दादा थे।

### बड़े पैमाने पर ऋण पुस्तिका, बैंक खाता, चेकबुक, पासबुक समेत अन्य दस्तावेज बरामद

# कोचिया किसानों के दस्तावेजों में कूटरचना कर खपा रहा था यूपी का अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले में बड़े पैमाने पर समितियों में अवैध धान खपाए जाने का खुलासा हुआ है। कोचिया द्वारा किसानों के ऋण पुस्तिका, बैंक खाता व अन्य दस्तावेजों का दुरूपयोग कर समिति में लम्बे समय से धान खपाने का काम किया जा रहा था। प्रशासन ने कोचिया के पास से बड़े पैमाने पर दस्तावेज बरामद करने के साथ ही उसके खिलाफ अपराध दर्ज किया है और अब इस मामले की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि 26 दिसम्बर की रात 8 बजे राजस्व तथा पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन कर रहे पिकअप वाहन को दौड़ाकर पकड़ा गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर कुर्लूडीह निवासी 35 वर्षीय श्याम सुन्दर गुप्ता पिता कृष्णकान्त प्रसाद गुप्ता के घर में अवैध धान को अनलोड करने की बात कही। ऐसे में संयुक्त टीम ने श्याम सुंदर गुप्ता के उनके घर पर दबिश दी। छापामार कार्रवाई में कोचिया के घर से दो नग कटा हुआ ब्लैंक (बिना भरे हुए) चेक, अन्य तीन का लेखा जोखा की पर्ची 1 नग, एक नग संगीता गुप्ता का बैंक का राशि जमा पर्ची, दीपनारायण का बैंक जमा पर्ची, राजमनिया, हुबलाल, बलि, लहरू, रूकमनिया का भरा हुआ विड्रॉल फार्म, जिला सहकारी बैंक से इंडियन बैंक सुपाचुवा (यूपी) का आरटीजीएस फार्म, श्याम सुंदर गुप्ता का राशि जमा पर्ची, दोलंगी समिति का तौल पर्ची गणेश पण्डो ग्राम सुंदरपुर का पाया गया। इस दौरान धान की गिनती की गई, जिसमें लगभग 400 बोरी धान पाया गया है। श्याम सुन्दर गुप्ता के घर में तलाशी करने पर चेक 62 नग, किसान किताब भाग- एक 46 नग, भाग- दो 59 नग, वन अधिकार पुस्तिका 02 नग, केसीसी पास बुक 19 नग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का पास बुक 161 नग, बड़ा डायरी 13 नग, पॉकेट डायरी 8 नग, कटा हआ चेक 22 नग, डेली अटेंडेंस (बिना भरे हये) जिला सहकारी बैंक का रजिस्टर 02 नग, विड्रॉल फार्म भरा हुआ 261 नग, सामान्य हिसाब-किताब एवं बिल पर्ची 550 नग, विड्रॉल फार्म कोरा (बिना भरे हुये) 1 बण्डल, बैंक का जमा पर्ची एवं टोकन पर्ची 150 नग. धान खरीदी केन्द्र का तौल पर्ची 100 नग, बंधू सरूता के एसबीआई का बैंक पास बुक एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी तथा 2 नग फोटो, रतू कुमार पण्डो ग्राम कुर्लूडीह का 2 नग फोटो प्राप्त हुआ। तलाशी के दौरान नकद राशि 1 लाख 67 हजार 100 रुपए प्राप्त हुआ जिसे श्याम सुन्दर गुप्ता के छोटे भाई शिवम कुमार के बिजनेस की राशि होना बताया गया है।

जांच में कोचिया के पास से अलग से एक कत्था रंग का बैग बरामद हुआ है जिसमें जिसे श्याम सुन्दर गुप्ता ने अपना निजी दस्तावेज का बैग होना बताया। बैग की तलाशी लेने पर करने पर 5 नग पास बुक, 2 नग किसान किताब भाग- एक, 4 नग चेक बुक, 1 नग कटा हुआ चेक बुक, कार वाहन का डॉक्यूमेंट, आधार कार्ड 9 नग, विभिन्न कृषकों का फोटो 30 नग, एटीएम 12 नग, पेन कार्ड 8 नग. वोटर आईडी 3 नग, ड्राइविंग लाइसेंस 1 नग, गाडी का आरसी बुक 1 नग, 5 नग मोबाईल, पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 सीटी 4218, मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 डीवाई 4601 को जब्त कर सनावल थाना भेजा गया। वहीं श्याम सुन्दर गुप्ता के पिता एवं अन्य तीन के नाम भूमि रजिस्ट्री वर्ष 1978, वर्ष 2005 से 2009 के बीच का अन्य दस्तावेज एवं 1 लाख 67 हजार 100 रुपए तथा लगभग 400 बोरी धान को कृष्णकांत प्रसाद गुप्ता आ.रामचंद्र प्रसाद गुप्ता को सुपूर्द में दिया गया है।



दस्तावेज जब्त करते अधिकारी।

#### पर्ची में किसानों के हस्ताक्षर कर रखने की पुष्टि

प्रारंभिक जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि श्याम सुन्दर गुप्ता द्वारा किसानों के ऋण पुस्तिका, बैंक खाता, चेक बुक आदि महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अपने कब्जे में रखकर अन्य सीमावर्ती प्रांत से धान कम कीमत में लाकर छत्तीसगढ़ के धान खरीदी केन्द्रों में विक्रय करता है। उक्त राशि ट्रांजेक्शन बड़े पैमाने में स्वयं के एवं अपने परिवार के खाते में राशि अंतरण करने की भी बात सामने आई है। कोचिया द्वारा बैंक के विड्रॉल पर्ची में पूर्व से किसानों का हस्ताक्षर कर अपने पास रखा गया था। उक्त कार्य में अन्य लोगों की भी संलिप्तता पायी जा संकती है। श्याम सुन्दर गुप्ता आ. कृष्णकांत प्रसाद गुप्ता के द्वारा किसानों के साथ छल-कपट कर अवैध धान का विक्रय कर शासकीय एवं किसानों की राशि का दुरुपयोग करने की पुष्टि हुई है। ऐसे में आरोपी श्याम सुन्दर गुप्ता के खिलाफ 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम व बीएनएस की धारा 318(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## कांग्रेस स्थापना दिवस पर बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के इतिहास, सिद्धांतों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर चर्चा की गई तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर नवनियुक्त महिला शहरी कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रोमा चटर्जी का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने उनके संगठनात्मक अनुभव और सक्रियता की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महिला कांग्रेस और अधिक मजबूती से कार्य करेगी। श्रीमती रोमा चटर्जी ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश शर्मा का जन्मदिवस मनाया गया। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर खुशियां साझा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गुलाब कमरो, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश सिंह उपस्थित रहे।

सभी वक्ताओं ने कांग्रेस स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी से लेकर संविधान निर्माण और लोकतंत्र को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। इस अवसर पर महिला ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती शोभना वर्मा, कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा साथी काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकता, मजबूती और जनसेवा के संकल्प के साथ किया गया।

## अटल बिहारी वाजपेयी, बिरसा मुंडा लरंग साय की मूर्ति का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल की उपस्थिति एवं एसडीएम करुण डहरिया के मार्गदर्शन नगर पंचायत कुसमी में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, भगवान बिरसा मुंडा व स्व. लरंग साय काका के मूर्ति का अनावरण फीता काटकर किया गया।

विधायक उद्धेश्वरी पैकरा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, भगवान बिरसा मुंडा सहित भाजपा के कर्मठ नेता स्व. काका लरंग साय की मूर्ति का अनावरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। देश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई जा रही है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में कुल 175 जगह पर अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती को अटल शताब्दी के रूप में मनाया जा रहा है। बिरसा मुंडा की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के अथक प्रयास से हम सभी आदिवासी क्षेत्रों में जल ,जंगल,जमीन की रक्षा हो पाई है।

आदिवासी की संस्कृति को बचाने में बिरसा मुंडा द्वारा झारखंड राज्य एवं छत्तीसगढ़ राज्य में अहम भूमिका निभाई है। जिसके चलते हमारी संस्कृति वेशभूषा आज भी बनी हुई है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, एसडीएम करुण डहरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, मंडल अध्यक्ष शशि टोप्पो, केदार गुप्ता, जन्मजय सिंह, उमेश्वर ओझा, लक्ष्मण सिंह पैकरा, संजय जायसवाल, राकेश भारती, बिनोद गुप्ता, मो. शमीम, बालेश्वर राम, प्रदीप गुप्ता, विजय गुप्ता, संजय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, दीपक सोनवानी, रमेश गुप्ता, अर्जुन यादव, विकास मंडल सहित अन्य मौजूद रहे।



## केशला में खुले आसमान तले शव दाह करने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशला में आज भी शेडयुक्त श्मशान घाट नहीं बन सका है। ऐसे में खुले आसमान के नीचे शव का अंतिम संस्कार करने की मजबूरी बनी हुई है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से वे इस समस्या को लेकर पंचायत,जनपद और संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराते आ रहे हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। गांव में न तो पक्का श्मशान घाट है और न ही शेड पानी,बैठने या लकड़ी रखने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। बरसात या ठंड हर मौसम में परिजनों को खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी योजनाओं और बजट की जानकारी होने के बावजूद पंचायत और विकासखंड स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय में परिवार पहले से ही मानसिक पीड़ा में होता है, ऐसे में खुले में शव दाह करना उनके दुख को और बढ़ा देता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही श्मशान घाट निर्माण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए,तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में ग्राम पंचायत केशला सरपंच का कहना है कि पंचायत द्वारा सुशासन त्यौहार में लिखित आवेदन भी दिया गया है। इसके साथ ही जिम्मेदार विभाग को मौखिक रूप से अवगत भी कराई गई है फिर भी समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है।



## किसान मोर्चा ने उमझर में सुनी पीएम के मन की बात



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 129 वां संस्करण ग्राम पंचायत उमझर, बूथ क्रमांक 5 में किसानों के साथ सामूहिक रूप से सुना गया।

कार्यक्रम में किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रेवा यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश्वर रजक, मंडल अध्यक्ष मैनेजर राजवाड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल राजवाड़े, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, किसान मोर्चा जिला महामंत्री शिवचरण साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र साहू, बचारापोड़ी मंडल महामंत्री दिनेश साहू, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संदीप साहू, जिला उपाध्यक्ष जगदीश सिंह, किसान मोर्चा जिला मंत्री गोरेलाल यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवप्रसाद राजवाड़े सहित काफी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं किसान भाई उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किसानों, कृषि विकास, आत्मनिर्भर भारत एवं ग्रामीण उत्थान से जुड़े विषयों पर दिए गए संदेशों को सभी ने गंभीरता से सुना। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार किसानों को प्रेरणा देने वाले हैं और देश के विकास की दिशा को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

## अटल चौक सोनगरा में मनाया गया सुशासन दिवस

सोनगरा। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर अटल चौक सोनगरा में सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने अटल के राष्ट्र निर्माण में योगदान, उनकी दूरदर्शी सोच और सरल जीवनशैली पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए भी लोकतांत्रिक मर्यादाओं और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान नेता नहीं, बल्कि सुशासन, राष्ट्रभक्ति और समावेशी विकास के प्रतीक थे। उनके नेतृत्व में देश ने राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक सुधार और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में नई दिशा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अटल के विचार आज भी जनप्रतिनिधियों और समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर भी उनके सुशासन के सिद्धांतों को अपनाकर पारदर्शी व्यवस्था, जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन और समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में सरपंच कृष्णा सिंह, दशरथ सिंह, जय बहादुर सिंह, आशीष दुबे, अनुराग द्विवेदी, बालेश्वर सिंह, महावीर देवांगन, रामसुभग देवांगन, झरिलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## कल से तीन दिवसीय आंदोलन पर जाएंगे कर्मचारी-अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

प्रांतीय निकाय के आव्हान पर जिले के कर्मचारी अधिकारी अपने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय निश्चितकालीन आंदोलन 29, 30, 31 दिसंबर को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक कलेक्ट्रेट सक्ती के समक्ष जेठा में करेंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती के जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने बताया कि इसमें कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत, जिला शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, पंचायत एवं समाज कल्याण, महिला बाल विकास विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, एस.डी.एम. कार्यालय, सहित सारे शासकीय दफ्तरों में काम काज बंद हो जाएगा। आगे जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने बताया है कि फेडरेशन की ओर से तीसरा चरण का निश्चितकालीन हड़ताल छत्तीसगढ़ शासन के उपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण निर्मित हुई है, जिन मांगो को लेकर हड़ताल करने बाध्य हुए है। सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र 2023 में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए मोदी की गारंटी लागू किए जाने की बात कही थी। अब दो वर्ष से ज्यादा छत्तीसगढ़ शासन को हो गया है, मगर आज पर्यन्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों के हित में कोई भी पहल नहीं करने से कर्मचारियों में घोर निराशा एवं आक्रोष व्याप्त है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, संरक्षक विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, आदि शामिल रहे।



## पृष्ठ 1 का शेष

### स्थापना दिवस पर...

वरिष्ठ मुख्तार अहमद, बंशगोपाल, संगीता राजवाड़े, चांदनी सोनी, राजीव गुप्ता, भूपेन्द्र यादव, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, शैलेन्द्र सिंह, विकाश श्रीवास्तव, सुरेन्द्र तिवारी, रवि राजवाड़े, धीरज सिंह, जाग्रीत कुर्रे, रियाजउद्दीन, एसएन मोदी, वसीम अधिवक्त्सा, फरोग सिदकी, वसीम, मोहेलाल राजवाड़े, रामसाय सोरी, बसंत सिंह, सुरेन्द्र कुमार, मनीष सिंह, लवी गुप्ता, अर्पित गुप्ता, फैजान, मकबूल खान, सुनील चौधरी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### युवराज का पैतृक...

प्रदान किया गया। सत्र 2024-25 की 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन अंकों के साथ सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महरा समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा और देशसेवा, समाज की प्रगति के दो सबसे मजबूत स्तंभ हैं, जहां एक ओर युवराज जैसे वीर सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, वहीं ये मेधावी छात्र भविष्य के विकसित भारत की नींव रख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम चुकान में युवाओं के बीच सेना और सुरक्षा बलों के प्रति जबरदस्त आकर्षण है। इसी गांव और समाज का एक युवक बीते वर्ष ही पैरामिलिट्री फोर्स में चयनित हुआ था। युवराज चंद्रा और अन्य सफल युवाओं की उपलब्धियों के बाद अब गांव का हर युवक भारतीय सेना में जाकर देश सेवा करने का सपना देख रहा है। समारोह के अंत में उपस्थित ग्रामीणों और वरिष्ठ नागरिकों ने युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महिला की मदद पर पुलिस के कार्य की हो रही प्रशंसा

# आरक्षक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, रुपए व जेवर से भरा बैग लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

थाना सारागांव में पदस्थ आरक्षक ने ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता और मानवीय मूल्यों का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो पुलिस विभाग की सकारात्मक छवि को और सशक्त करता है। एक महिला से रुपए और चांदी के जेवर से भरा बैग बस स्टैण्ड के पास छूट गया था, जिसे ईमानदार आरक्षक ने महिला को वापस पहुंचाया।

शनिवार 27 दिसंबर को सारागांव थाने में पदस्थ आरक्षक चन्द्रहास लहरे जब सुबह लगभग 11 बजे ड्यूटी के लिए थाना जा रहा था, उसी दौरान सारागांव बस स्टैण्ड से लगभग 100 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे एक लावारिस थैला पड़ा मिला। थैला उठाकर देखने पर उसमें नगदी रकम एवं आभूषण पाए गए। आसपास किसी व्यक्ति के नहीं मिलने पर उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी सारागांव सुभाष चौबे को इसकी सूचना दी। थैला थाना लाकर महिला प्रधान आरक्षक लेखक सरस्वती जांगड़े को सुपुर्दनामा किया गया। थैले की जांच करने पर उसमें 68 हजार रुपए नगद, पुराने चांदी के जेवरात, आधार कार्ड एवं ग्रामीण बैंक की पासबुक पाई गई।

प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर ग्राम सरवानी के सरपंच को सूचित किया गया, जिनके माध्यम से थैले के वास्तविक मालिक की पहचान नागेश्वरी धीवर उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम सरवानी, थाना सारागांव के रूप में हुई। संपर्क करने पर पीड़िता द्वारा बताया गया कि उक्त थैला चांपा में सुनार दुकान पर सोना-चांदी बदलने जाते समय गुम हो गया था। पीड़िता को थाना बुलाकर पूछताछ की गई एवं थैले में रखी संपूर्ण सामग्री दिखाने पर उसके वास्तविक स्वामित्व की पुष्टि हुई। तत्पश्चात नगदी 68 हहजार रुपए एवं चांदी के पुराने जेवरात, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक विधिवत रूप से पीड़िता को सुरक्षित लौटाए गए। इस सराहनीय कार्य के लिए आरक्षक चन्द्रहास लहरे ने अपने कर्तव्य के साथ -साथ उच्च नैतिक मूल्यों और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। पीड़िता द्वारा पुलिस प्रशासन के प्रति गहरी सहानुभूति, विश्वास एवं आभार व्यक्त किया गया।



बैग को लौटाते आरक्षक व साथ में पुलिसकर्मी।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 9 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुनुंद के आंगनबाड़ी केन्द्र 3 में सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 02 ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण उक्त गांव के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 9 जनवरी 2026 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह में सीधे जमा कर सकते है। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 9 जनवरी तक आवेदन जमा होंगे।